बच्चों ने नृत्य में करवाए भारतीय संस्कृति और परंपरा के दर्शन

द संस्कार वैली स्कूल के स्टूडेंट्स ने साइंस एग्जीबिशन में दी नृत्य प्रस्तुति

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल (टीएसवीएस) के 24 स्टूडेंट्स ने 11 नवम्बर को जवाहर लाल नेहरू साइंस एग्जीबिशन में कल्चरल परफॉर्मेन्स दी। इस कल्चरल ईवेंट के साक्षी बने 29 राज्यों से आए 142 स्टूडेंट्स। टीएसवीएस के स्टूडेंट्स ने इस अवसर पर गणेश वंदना के साथ एक सेमि-क्लासिकल डांस की परफॉर्मेन्स दी। इस प्रस्तुति को ऑडियंस में बैठे स्टूडेंट्स, फैकल्टी मेम्बर्स और पेरेंट्स ने बच्चों को काफी एप्रीशिएट किया। बच्चों ने इस डांस के लिए कई दिनों तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में तैयार छात्राओं ने कहीं न कहीं भारतीय संस्कृति और यहां की खूबसूरती को बयां किया।